ResultBharat.com

**Bihar Vidhan Sabha 01/2024, 02/2024, 03/2024 & 04/2024 Exam Pattern/ Syllabus**

## ASO & Assistant Care Taker (Advt.No: 01/2024)

**8. परीक्षा की पद्धति–**

उपर्युक्त पदों के लिए दो चरणों में परीक्षा ली जाएगी। सर्वप्रथम एक प्रारम्भिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय) ओ०एम०आर० (OMR) उत्तर पत्रक आधारित आयोजित होगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों की **मुख्य परीक्षा (वर्णनात्मक)** ली जायेगी।

उक्त पदों के लिए प्रारंभिक परीक्षा का पाठ्यक्रम समरूप होगा तथा उसके आधार पर ही प्रारंभिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय) ओ०एम०आर० (OMR) उत्तर पत्रक आधारित ली जाएगी। इसी प्रारम्भिक परीक्षा के अधीन उम्मीदवारों का परीक्षाफल, उक्त पदों के लिए नियमानुसार आरक्षणवार अनुवर्ती मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के निमित्त घोषित किया जायेगा।

**(i) प्रारम्भिक परीक्षा** :– इस परीक्षा के सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकृति के बहुविकल्पीय होंगे। प्रश्नवार बहुविकल्पीय उत्तरों में से किसी एक उत्तर का चयन अपेक्षित होगा। परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी

और कुल 100 प्रश्न होंगे। प्रारंभिक परीक्षा कुल 400 अंकों की होगी जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती भी की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा में भाषा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा। अगर हिन्दी एवं अंग्रेजी के प्रश्न पत्रों में कोई भिन्नता होगी तो अंग्रेजी के प्रश्न ही मान्य होंगे।

प्रारंभिक परीक्षा में निम्नांकित विषय होंगे:–

(क) सामान्य अध्ययन – प्रश्नों की संख्या 40 होगी।

(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित – प्रश्नों की संख्या 30 होगी।

(ग) मानसिक क्षमता जाँच एवं तार्किक विचार – प्रश्नों की संख्या 30 होगी।

**इस प्रारम्भिक परीक्षा के अधीन उम्मीदवारों का परीक्षाफल, अनुवर्ती मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के निमित्त घोषित किया जायेगा। इस निमित्त, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या–2374, दिनांक 16.07.2007 एवं पत्रांक–6706, दिनांक 01.10.2008 के आलोक में प्रारम्भिक परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए 40%, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5%, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 34% एवं अनुसूचित जाति/जनजाति, महिलाओं तथा निःशक्तता से ग्रस्त (दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए 32% अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे।**

*वैसे अभ्यर्थी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के हकदार नहीं होंगे, जिन्हें संघ लोक सेवा आयोग/किसी राज्य लोक सेवा आयोग/अन्य चयन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अवधि तक, कदाचार के मामलों में परीक्षा से वंचित कर दिए जाने का आदेश पारित किया गया हो। उम्मीदवारों के परीक्षा में बैठने की पात्रता या अपात्रता के बिन्दु पर सभा सचिवालय का निर्णय अन्तिम होगा।*

***अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रारंभिक परीक्षा एक से अधिक चरणों में आयोजित की जा सकती है। विभिन्न चरणों में परीक्षा आयोजित किये जाने की स्थिति में परीक्षा परिणाम समानीकरण की प्रक्रिया अपनाते हुए तैयार की जायेगी। समानीकरण की प्रक्रिया की जानकारी FAQ (Frequently Asked Questions About Equating of Scores on Multiple Forms) के अन्तर्गत देखी जा सकती है।***

ResultBharat.com

**प्रारंभिक परीक्षा का पाठ्यक्रम :–**

**(क) सामान्य अध्ययन** :– इन प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी को उसके आस–पास के वातावरण की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के संबंध में उसकी योग्यता की जांच करना होगा। वर्त्तमान घटनाओं और दिन–प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी संबंधी ऐसे प्रश्न भी शामिल किये जायेंगे, जिनके बारे में जानकारी रखने की किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। इसमें बिहार, भारत और इसके पड़ोसी देशों के संबंध में विशेष रूप से यथा सम्भव प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

(i) सम–सामयिक विषय :– महत्वपूर्ण राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम–सामयिक घटनायें, वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, खेल–खिलाड़ी।

(ii) भारत और उसके पड़ोसी देश :– पड़ोसी देशों का इतिहास, भारत एवं बिहार का इतिहास/संस्कृति/भूगोल/आर्थिक परिदृश्य/कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं, भारत का संविधान एवं राजनीतिक प्रणाली, भारत के संवैधानिक एवं संसदीय प्रणाली का उद्भव एवं क्रमिक विकास, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पंचवर्षीय योजना, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन एवं आन्दोलन में बिहार का योगदान।

**(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित** :– इसमें सामान्यतः मैट्रिक स्तर के निम्न विषय से यथासंभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं:–

(i) सामान्य विज्ञान :– भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान।

(ii) गणित :– संख्या पद्धति से संबंधित प्रश्न, पूर्ण संख्याओं का अभिकलन, दशमलव और भिन्न, संख्याओं के बीच परस्पर संबंध, मूलभूत अंक गणितीय संक्रियाएं, प्रतिशत, अनुपात तथा समानुपात, औसत, ब्याज एवं लाभ और हानि।

**(ग) मानसिक क्षमता एवं तार्किक विचार (Mental Ability & Logical Reasoning)** :–
इसमें शाब्दिक एवं गैर शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। इस घटक में निम्न से संबंधित यथासंभव प्रश्न पूछे जा सकते है :– सादृश्य, समानता एवं भिन्नता, स्थान कल्पना, समस्या समाधान, विश्लेषण, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंक गणितीय तर्कशक्ति, अंक गणितीय संख्या श्रृंखला एवं कूट लेखन एवं कूट व्याख्या।

**(ii) मुख्य परीक्षा:–**

**प्रारंभिक परीक्षा के माध्यम से कुल उपलब्ध रिक्तियों के लगभग 10 गुणा संख्या के बराबर निर्धारित अर्हतांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का चयन मुख्य परीक्षा हेतु किया जायेगा।** प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से मुख्य परीक्षा हेतु अलग से आवेदन पत्र भरवाया जाएगा जिसमें सफल अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित अवधि में परीक्षा शुल्क (मुख्य परीक्षा हेतु) विहित प्रक्रिया से जमा करना होगा। यह परीक्षा वर्णनात्मक होगी। **मुख्य परीक्षा हेतु अलग से विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।** उपर्युक्त पदों के लिए ली जाने वाली मुख्य परीक्षा का सिलेबस बिहार विधान सभा के वेबसाईट www.vidhansabha.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।

**9. मेधा सूची** :– उपर्युक्त कोटियों के आरक्षणवार रिक्तियों को भरने के निमित्त मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर पदवार अलग–अलग सफल अभ्यर्थियों की मेधा सूची प्रकाशित की जाएगी। ***किसी एक पद पर दो अभ्यर्थियों में से एक के चयन की स्थिति उत्पन्न होने पर उस पद के लिए निर्धारित वांछित योग्यता को आधार माना जाएगा। पदवार निर्धारित वांछित योग्यता की जानकारी बिहार विधान सभा सचिवालय (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्तें) नियमावली, 2018 में संलग्न अनुसूची के अवलोकन से प्राप्त की जा सकती है।***

ResultBharat.com

**8.** <u>**परीक्षा की पद्धति**</u> :– उपर्युक्त पद के लिए दो चरणों में परीक्षा ली जाएगी। सर्वप्रथम एक प्रारम्भिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय) ओ०एम०आर० (OMR) उत्तर पत्रक आधारित आयोजित होगी, जिसमें मैट्रिक स्तर के प्रश्न पूछे जायेंगे। इस परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों की **हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण जाँच** परीक्षा ली जायेगी।

**(i) प्रारंभिक परीक्षा** :– इस परीक्षा के सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकृति के बहुविकल्पीय होंगे। प्रश्नवार बहुविकल्पीय उत्तरों में से किसी एक उत्तर का चयन अपेक्षित होगा। परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी और कुल 100 प्रश्न होंगे।

प्रारंभिक परीक्षा कुल 400 अंकों की होगी जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। साथ ही प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती भी की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा में भाषा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा। अगर हिन्दी एवं अंग्रेजी के प्रश्न पत्रों में कोई भिन्नता होगी तो अंग्रेजी के प्रश्न ही मान्य होंगे।

इस परीक्षा में निम्नांकित विषय होंगे :–

(क) सामान्य अध्ययन – प्रश्नों की संख्या 50 होगी।
(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित – प्रश्नों की संख्या 20 होगी।
(ग) मानसिक क्षमता जाँच एवं तार्किक विचार – प्रश्नों की संख्या 30 होगी।

**इस परीक्षा के अधीन उम्मीदवारों का परीक्षाफल, अनुवर्ती टंकण जाँच परीक्षा के निमित्त घोषित किया जायेगा। इस निमित्त, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या–2374, दिनांक 16.07.2007 एवं पत्रांक–6706, दिनांक 01.10.2008 के आलोक में प्रारम्भिक परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए 40%, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5%, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 34% एवं अनुसूचित जाति/जनजाति, महिलाओं तथा निःशक्तता से ग्रस्त (दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए 32% अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे।**

*वैसे अभ्यर्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होने के हकदार नहीं होंगे, जिन्हें संघ लोक सेवा आयोग/किसी राज्य लोक सेवा आयोग/अन्य चयन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अवधि तक, कदाचार के मामलों में परीक्षा से वंचित कर दिए जाने का आदेश पारित किया गया हो। उम्मीदवारों के परीक्षा में बैठने की पात्रता या अपात्रता के बिन्दु पर सभा सचिवालय का निर्णय अन्तिम होगा।*

अधिक आवेदन प्राप्त होने पर यह परीक्षा एक से अधिक चरणों में आयोजित की जा सकती है। विभिन्न चरणों में परीक्षा आयोजित किये जाने की स्थिति में परीक्षा परिणाम समानीकरण की प्रक्रिया अपनाते हुए तैयार की जायेगी। समानीकरण की प्रक्रिया की जानकारी FAQ (FrequentlyAsked QuestionsAbout Equating of Scores on Multiple Forms) के अन्तर्गत देखी जा सकती है।

**प्रारंभिक परीक्षा में निम्नांकित विषय होंगे :–**

**(क) सामान्य अध्ययन** :– इन प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी को उसके आस–पास के वातावरण की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के संबंध में उसकी योग्यता की जांच करना होगा। वर्त्तमान घटनाओं और दिन–प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी संबंधी ऐसे प्रश्न भी शामिल किये जायेंगे, जिनके बारे में जानकारी रखने की किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। इसमें बिहार, भारत और इसके पड़ोसी देशों के संबंध में विशेष रूप से यथा सम्भव प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

(i) सम–सामयिक विषय :– महत्वपूर्ण राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम–सामयिक घटनायें, वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, खेल–खिलाड़ी।

ResultBharat.com

(ii) भारत और उसके पड़ोसी देश :– पड़ोसी देशों का इतिहास, भारत एवं बिहार का इतिहास/संस्कृति/भूगोल/आर्थिक परिदृश्य/कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं, भारत का संविधान एवं राजनीतिक प्रणाली, भारत के संवैधानिक एवं संसदीय प्रणाली का उद्भव एवं क्रमिक विकास, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पंचवर्षीय योजना, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन एवं आन्दोलन में बिहार का योगदान।

(ख) **सामान्य विज्ञान एवं गणित** :– इसमें सामान्यतः मैट्रिक स्तर के निम्न विषय से यथासंभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं :–

(i) सामान्य विज्ञान :– भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान।

(ii) गणित :– संख्या पद्धति से संबंधित प्रश्न, पूर्ण संख्याओं का अभिकलन, दशमलव और भिन्न, संख्याओं के बीच परस्पर संबंध, मूलभूत अंक गणितीय संक्रियाएं, प्रतिशत, अनुपात तथा समानुपात, औसत, ब्याज एवं लाभ और हानि।

(ग) **मानसिक क्षमता एवं तार्किक विचार (Mental Ability & Logical Reasoning)** :–
इसमें शाब्दिक एवं गैर शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। इस घटक में निम्न से संबंधित यथासंभव प्रश्न पूछे जा सकते है :– सादृश्य, समानता एवं भिन्नता, स्थान कल्पना, समस्या समाधान, विश्लेषण, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंक गणितीय तर्कशक्ति, अंक गणितीय संख्या श्रृंखला एवं कूट लेखन एवं कूट व्याख्या।

**टंकण जाँच परीक्षा** :–

**प्रारंभिक परीक्षा के माध्यम से कुल उपलब्ध रिक्तियों के लगभग 10 गुणा संख्या के बराबर निर्धारित अर्हतांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का चयन टंकण जाँच परीक्षा हेतु किया जायेगा।**

हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण जाँच परीक्षा 30–30 शब्द प्रति मिनट के हिसाब से वांछनीय है। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या–10/परी–1049/77 का०–9, दिनांक 06.01.1978 के आलोक में यह जाँच परीक्षा 10–10 मिनट की होगी एवं टंकण में हुई गलतियों में 1.5 (डेढ़) प्रतिशत छूट अनुमान्य है। उक्त टंकण जाँच परीक्षा कम्प्यूटर पर ली जायेगी।

**9. मेधा सूची** :– उपर्युक्त कोटि के आरक्षणवार रिक्तियों को भरने के निमित्त प्रारंभिक परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों में से टंकण जाँच परीक्षा में योग्य पाए गए अभ्यर्थियों की मेधा सूची प्रकाशित की जाएगी। ***इस प्रतियोगिता परीक्षा में किसी एक पद पर दो अभ्यर्थियों में से एक के चयन की स्थिति उत्पन्न होने पर उस पद के लिए निर्धारित वांछित योग्यता को आधार माना जाएगा। इन पदों के लिए निर्धारित वांछित योग्यता की जानकारी बिहार विधान सभा सचिवालय (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्ते) नियमावली, 2018 में संलग्न अनुसूची के अवलोकन से प्राप्त की जा सकती है।***

ResultBharat.com

8. **परीक्षा की पद्धतिः–** उपर्युक्त सभी पदों के लिए सर्वप्रथम **आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा** ली जायेगी, जिसमें निर्धारित मापदंड के अनुसार सफल अभ्यर्थियों में से **हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण (कम्प्यूटर आधारित) जाँच परीक्षा** ली जायेगी।

**(i) प्रतिवेदकः–**

**(क) आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षाः–** आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा 5 मिनट में 150 शब्द प्रति–मिनट के हिसाब से 750 शब्दों की होगी। आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद हेतु 70 (सत्तर) मिनट का समय अनुमान्य है। आशुलिपि में हुई गलतियों में नियमानुसार 10 (दस) प्रतिशत छूट अनुमान्य है।

परन्तु अपेक्षित आशुलिपि गति वाले अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में 140 शब्द प्रति मिनट की आशुलिपि गति पर भी इस शर्त्त के साथ नियुक्ति के लिए विचार किया जा सकेगा कि वे एक वर्ष के भीतर 150 शब्द प्रति मिनट गति की आशुलिपि जाँच में उत्तीर्णता प्राप्त कर लेंगे अन्यथा उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि तथा निर्दिष्ट श्रेणी में उनकी संपुष्टि स्वीकृत नहीं होगी।

**(ख) हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण (कम्प्यूटर आधारित) जाँच परीक्षाः–** हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण जाँच परीक्षा 35–35 शब्द प्रति मिनट के हिसाब से 10 मिनट की होगी।

**(ii) निजी सहायकः–**

**(क) आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षाः–** आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा 5 मिनट में 100 शब्द प्रति–मिनट के हिसाब से 500 शब्दों की होगी। आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद हेतु 50 मिनट का समय अनुमान्य है। आशुलिपि में हुई गलतियों में नियमानुसार 10 (दस) प्रतिशत छूट अनुमान्य है।

**(ख) हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण (कम्प्यूटर आधारित) जाँच परीक्षाः–** हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण जाँच परीक्षा 30–30 शब्द प्रति मिनट के हिसाब से 10 मिनट की होगी।

**(iii) आशुलिपिकः–**

**(क) आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षाः–** आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा 5 मिनट में 80 शब्द प्रति–मिनट के हिसाब से 400 शब्दों की होगी। आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद हेतु 40 मिनट का समय अनुमान्य है। आशुलिपि में हुई गलतियों में नियमानुसार 10 (दस) प्रतिशत छूट अनुमान्य है।

**(ख) हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण (कम्प्यूटर आधारित) जाँच परीक्षाः–** हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण जाँच परीक्षा 30–30 शब्द प्रति मिनट के हिसाब से 10 मिनट की होगी।

**उपर्युक्त तीनों कोटि के पदों के लिए कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या–10/परी–1049/77 का०–9, दिनांक 06.01.1978 के आलोक में हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण जाँच परीक्षा 10–10 मिनट की होगी एवं टंकण में भी हुई गलतियों में 1.5 (डेढ़) प्रतिशत छूट अनुमान्य है।**

ResultBharat.com

*वैसे अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के हकदार नहीं होंगे, जिन्हें संघ लोक सेवा आयोग/किसी राज्य लोक सेवा आयोग/अन्य चयन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अवधि तक, कदाचार के मामलों में परीक्षा से वंचित कर दिए जाने का आदेश पारित किया गया हो। उम्मीदवारों के परीक्षा में बैठने की पात्रता या अपात्रता के बिन्दु पर सभा सचिवालय का निर्णय अन्तिम होगा।*

*अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आशुलिपि की परीक्षा एक से अधिक चरणों में आयोजित की जा सकती है।*

9. **मेधा सूची**:— उपर्युवत तीनों कोटि के पदों के लिए आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद के शब्दों की शुद्धता के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की ही टंकण जाँच परीक्षा ली जायेगी। टंकण जाँच परीक्षा में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों में से आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद के शब्दों की शुद्धता के आधार पर ही मेधा सूची तैयार की जायेगी।

उपर्युवत कोटियों के आरक्षणवार रिक्तियों को भरने के निमित्त आशुलिपि की परीक्षा के आधार पर पदवार अलग–अलग सफल अभ्यर्थियों की मेधा सूची प्रकाशित की जाएगी।

***किसी एक पद पर दो अभ्यर्थियों में से एक के चयन की स्थिति उत्पन्न होने पर उस पद के लिए निर्धारित वांछित योग्यता को आधार माना जाएगा। पदवार निर्धारित वांछित योग्यता की जानकारी बिहार विधान सभा सचिवालय (भर्त्ती एवं सेवा शर्तें) नियमावली, 2018 में संलग्न अनुसूची के अवलोकन से प्राप्त की जा सकती है।***

ResultBharat.com

## Library Attendant & Office Attendant (Advt.No: 04/2024)

7. **परीक्षा की पद्धति एवं मेधा सूची**:—

उपर्युक्त पदों पर सीधी भर्त्ती हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा, जिसका पूर्णांक 100 अंकों का होगा। साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी।

उम्मीदवारों की संख्या 40,000 (चालीस हजार) से अधिक होने पर उपर्युक्त पदों पर सीधी भर्त्ती हेतु एक प्रारंभिक परीक्षा (OMR) उत्तर पत्रक आधारित (बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ परीक्षा) आयोजित की जा सकती है।

**उपर्युक्त पदों पर साक्षात्कार के अधीन उम्मीदवारों का परीक्षाफल, सीधी भर्त्ती हेतु घोषित किया जायेगा। इस निमित्त, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या 2374, दिनांक 16.07.2007 एवं पत्रांक 6706, दिनांक 01.10.2008 के आलोक में साक्षात्कार में सामान्य वर्ग के लिए 40%, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5%, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 34% एवं अनुसूचित जाति/जनजाति, महिलाओं तथा निःशक्तता से ग्रस्त (दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए 32% अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे।**

*वैसे अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के हकदार नहीं होंगे, जिन्हें किसी चयन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अवधि तक, कदाचार के मामलों में परीक्षा से वंचित कर दिए जाने का आदेश पारित किया गया हो। उम्मीदवारों के परीक्षा में बैठने की पात्रता या अपात्रता के बिन्दु पर सभा सचिवालय का निर्णय अन्तिम होगा।*

ResultBharat.com